भारत सरकार
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र
नाभिकीय पुनश्चक्रण वर्ग

ट्रांबे,
मुंबई –400 085

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना सं: बीएआरसी/एनआरजी/पीएमटीएंडएसएस/आरएसएमएस/2024/ आय- 70010

दिनांक: 28/02/2024

I. एनआईटी विवरण:

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से **मुख्य अभियंता एवं निदेशक, नाभिकीय पुनश्चक्रण वर्ग, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, ट्रांबे, मुंबई-400 085** द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु उन पात्र ठेकेदारों से **ई-निविदाकरण के माध्यम से** दो भागों में यथा: भाग-क तकनीकी वाणिज्यिक बोली एवं भाग-'ख' वित्तीय बोली के रूप में एतदद्वारा ऑनलाईन मद-दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जिनका नाम सीपीडब्ल्यूडी,एमईएस, रेल्वे, राज्य पीडब्ल्यूडी, केंद्रीय एवं राज्य सरकारों के सार्वजनिक उपक्रमों/केंद्रीय स्वायत्त निकायों की अनुमोदित सूची में हो तथा जिनके पास परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि) में ऐसे महत्वपूर्ण समान कार्य करने का पर्याप्त अनुभव एवं क्षमता हो ।

i)	कार्य का नाम	**भापअ केंद्र, ट्रांबे, मुंबई- 400 085 में स्थित आरएसएमएस स्थल के विभिन्न क्षेत्रों पर सामग्री प्रहस्तन उपस्करों, संयंत्र मशीनरियों एवं धात्विक अवसंरचनाओं की पेंटिंग।**
ii)	कार्य स्थल (एस) एवं पिन कोड	आरएसएमएस, डब्ल्यूएमएफटी, भापअ केंद्र, ट्रांबे मुंबई 400085
iii)	कार्य/उत्पाद वर्ग	यांत्रिक एवं औद्योगिक
(iv)	निविदा आमंत्रित प्राधिकारी	मुख्य अभियंता एवं निदेशक नाभिकीय पुनश्चक्रण वर्ग, भापअ केंद्र
(v)	आमंत्रित अधिकारी का पता	: मुख्य अभियंता एवं निदेशक, नाभिकीय पुनश्चक्रण वर्ग भापअ केंद्र, ट्रांबे, मुंबई 400085
(vi)	अनुमानित लागत	**रु. 74,00,000/-** **(रुपये चौहत्तर लाख मात्र)**
(vii)	बयाना राशि	**रु. 1,48,000/-** **(रुपये एक लाख अडतालिस हजार मात्र)**
(viii)	निविदा दस्तावेज का मूल्य	**शून्य ।**
टिप्पणी:- मूल रूप में **बयाना राशि** वरीयत: **लेखा अधिकारी, भापअ केंद्र, मुंबई**, के नाम जारी किसी		

अनुसूचित बैंक के आवधिक जमा रसीद/,डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/पे ऑर्डर के रूप में प्रस्तुत करना होगा। बयाना राशि का एक भाग बैंक गारंटी के रूप में भी स्वीकार्य है। ऐसे मामलों में बयाना राशि का कम से कम 50% या रु. 20 लाख, जो भी कम हो, उपर्युक्त निर्धारित रूप में होना चाहिए एवं शेष राशि निविदा भाग 'क' के परिशिष्ट 'क' के अनुसार किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के रूप में स्वीकार की जा सकती है।		
(ix)	निविदा प्रक्रिया शुल्क	**शून्य।**
(x)	कार्य की अवधि	मानसून की अवधि सहित **12 (बारह)** कैलेन्डर माह।
(xi)	बोली दस्तावेजों के डाउनलोड करने की प्रारंभिक/अंतिम तिथि	डाउनलोड करने के लिए **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** वेबसाइट पर **दिनांक 06/03/2024** (**10.00 बजे**) से **दिनांक 04/04/2024** (**18.00 बजे**) तक देखें। विस्तृत एनआईटी केवल देखने के लिए वेबसाइट **www.barc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
(xii)	स्पष्टीकरण प्राप्त करने की प्रारंभिक तिथि	**दिनांक 15/03/2024** (**10.00 बजे**) बोली-पूर्व प्रश्न भेजने के लिए ईमेल: solankar@barc.gov.in, atulk@barc.gov.in
(xiii)	स्पष्टीकरण प्राप्त करने की अंतिम तिथि	**दिनांक 19/03/2024** (**18.00 बजे**) बोली स्पष्टीकरण सीपीपी पोर्टल वेब साइट htpps://eprocure.gov.in/eprocure ऐप पर **22/03/2024** तक अपलोड किया जाएगा।
(xiv)	स्थल दौरे के तिथि एवं समय	**दिनांक 21/03/2024** (**11.00 बजे**)
(xv)	बोलीपूर्व बैठक की तिथि एवं समय	**दिनांक 21/03/2024** (**11.30 बजे**)
(xvi)	बोलीपूर्व बैठक का पता	डब्ल्यूआईपी प्रक्रम भवन, अपशिष्ट निश्चलीकरण संयंत्र, अपशिष्ट प्रबंधन प्रभाग, भापअ केंद्र, ट्रांबे, मुंबई-400085
(xvii)	बोली प्रस्तुतीकरण की प्रारंभिक तिथी	**दिनांक 06/03/2024** (**10.00 बजे**)
(xviii)	बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथी	**दिनांक 04/04/2024** (**18.00 बजे**)
(xix)	मूल बयाना जमा राशि फार्म का प्रस्तुतीकरण, निविदा स्वीकृति फार्म। मूल बयाना जमा राशि फार्म का पता, निविदा स्विकृती फार्म प्रस्तुतीकरण स्वीकृती	दिनांक **08/04/2024 को (15.00 बजे)** या इससे पूर्व नार्थ गेट पर मुख्य अभियंता एवं निदेशक, नाभिकीय पुनश्चक्रण वर्ग, भापअ केंद्र, ट्रांबे, मुंबई - 400 085 के पास निविदाएं **मोहरबंद** लिफ़ाफे में पहुंच जानी चाहिए जिस पर कार्य का नाम एवं निविदा की संख्या उल्लिखित हो। मूल दस्तावेजों को वरीयत: व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कि्या जाएगा। **इसे नार्थ गेट पर लगे ड्रॉप बॉक्स में न डाला जाए।** तथापि, डाक अथवा कुरियर द्वारा भेजे गए दस्तावेज पर भी विचार किया जा सकता है बशर्ते कि वे निर्धारित तिथि एवं समय के अंदर प्राप्त हों।

		बयाना जमा राशि को नियत तिथि एवं समय से पूर्व डाक द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजा जाएगा : प्रति, प्रशासनिक अधिकारी-III का कार्यालय अपशिष्ट प्रबंधन प्रभाग, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई-400 085 दूरभाष : 022 25591051 ई मेल: atulk@barc.gov.in, solankar@barc.gov.in
(xx)	बोली खोलने की तिथी/ ऑनलाइन भाग-ए के खोलने की तिथी एवं समय	**दिनांक 10/04/2024 को (11.00 बजे)**
(xxi)	बोली खोलने का स्थान	**अपशिष्ट निश्चलीकरण संयंत्र, अपशिष्ट प्रबंधन प्रभाग, भापअ केंद्र, ट्रांबे, मुंबई-400085**
(xxii)	निविदा श्रेणी	**निविदा दस्तावेज के अनुसार**
(xxiii)	अर्हक बोलीकर्ताओं के भाग बी खोलने की तिथि	**शुद्धिपत्र के माध्यम से बाद की तिथी में अधिसूचित की जाएगी । कृपया तिथी के लिए https://eprocure.gov.in/eprocure/app** पर सीपीपी वेबसाइट देखें।
(xxiv)	निविदा की वैधता (दिनों में)	**180 (एक सौ अस्सी)**

3. प्रारंभिक पात्रता मानदंड:

i. बोलीकर्ता को, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी सार्वजनिक प्रापण (मेक इन इंडिया को वरीयता) आदेश, 2017 (समय-समय पर यथासंशोधित) का अनुपालन करना होगा। साथ ही, बोलीकर्ता को, बोली के साथ, विषयक निविदा द्वारा उपलब्ध करवायी जानेवाली सामग्री के 50% स्थानीय उत्पाद हेतु वचनबंध प्रस्तुत करना होगा।

ii. सार्वजनिक प्रापण (मेक इन इंडिया को वरीयता) आदेश, 2017 में यथा परिभाषित केवल 'श्रेणी-**I** स्थानीय आपूर्तिकर्ता' ही विषयांतर्गत निविदा में भाग लेने के पात्र होंगे।

iii. बोलीकर्ता के पास निम्नलिखित होना चाहिए :

(ए) ठेकेदारों के समुचित वर्ग में पंजीयन, (यह वैकल्पिक मानंदड है)

(बी) निविदा खुलने की तिथि से पूर्व एक वर्ष के भीतर जारी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से कम से कम रु. **29.60 लाख** के बैंकऋण शोधन क्षमता प्रमाणपत्र ।

(सी) दिनांक **31** मार्च **2023** को समाप्त लगातार पिछले उपलब्ध **3** वर्षों के दौरान पर **औसत वार्षिक वित्तीय टर्नोवर** सकल **रु. 74 लाख** होना चाहिए । **तुलन पत्र पंजीकृत चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा विधिवत लेखा परीक्षित होना चाहिए** ।

(डी) **31 मार्च 2023** को समाप्त पिछले 5 वर्षों के दौरान दो वर्ष से अधिक में (कर के बाद का लाभ धनात्मक होना चाहिए) घाटा नहीं हुआ होना चाहिए।

(ई) पिछले 7 वर्षों के दौरान समान कार्य किया हो ।

(एफ) कार्यनिष्पादन प्रमाणपत्र

(जी) कार्य को समय से पूरा करने के लिए निर्माण संयंत्र एवं मशीनरी, उपस्कर एवं सह सामग्री तथा अन्य अवसंरचनात्मक सुविधाएं ।

(एच) आवश्यक तकनीकी स्टाफ

(आई) जीएसटी के लिए पंजीकरण का प्रमाणपत्र

(जे) स्थायी लेखा संख्या (पीएएन)

4. बोलीकर्ता द्वारा आवेदन निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तारीख से एक दिन पूर्व तक पिछले **7 (सात**) वर्षों में कम से कम प्रत्येक रु. **29.60 लाख** की लागत के इसी प्रकार के **03 (तीन**) कार्य या कम से कम रु. **44.40 लाख** की लागत के इसी प्रकार के **02 (दो**) कार्य या कम से कम रु. **59.20 लाख** की लागत के इसी प्रकार का **01 (एक**) कार्य संतोषजनक रूप से (कार्य के क्लायंट द्वारा निष्पादन प्रमाणपत्र पर आधारित) पूरा किया हो ।

इस प्रयोजन हेतु "कार्य की लागत" का तात्पर्य है पूरे हुए कार्य की सकल लागत जिसमें सरकार/ क्लायंट द्वारा आपूर्ति की गयी सामग्रियों की लागत शामिल हैं**,** लेकिन इसमें नि:शुल्क आपूर्ति की गयी सामग्री शामिल नहीं होगी । **समरूप कार्य का तात्पर्य है "किसी भी प्रकार की सतह की पेंटिंग / पुन: पेंटिंग ।** समान कार्य भारत में निष्पादित होने चाहिए ।

5. निष्पादित कार्य के मूल्य को 7% प्रति वर्ष की सामान्य दर पर कार्य की वास्तविक मूल्य में वृद्धि करते हुए वर्तमान लागत स्तर तक लाया जाएगा जिसका परिकलन कार्य की पूर्णता की तिथि से निविदाओं के लिए आवेदन प्राप्ति की आखिरी तिथि से एक दिन पूर्व तक किया जाएगा ।

6**.** ठेकेदार की बोली क्षमता निविदा में दिए गए कार्य की अनुमानित लागत के समतुल्य या उससे अधिक होनी चाहिए । बोली क्षमता का हल निम्नलिखित सूत्र द्वारा निकाला जाएगा ।

बोली क्षमता = [A x N x 2] - B

जहां

A = पिछले पांच वर्षों के दौरान किसी भी एक वर्ष में निष्पादित निर्माण कार्यों का अधिकतम मूल्य जिसमें पूर्ण कार्य तथा प्रगति पर कार्य - दोनों को ध्यान में रखा जाएगा ।

N = जिस कार्य के लिए बोली आमंत्रित की गई है उसकी पूर्णता के लिए निर्धारित वर्ष की संख्या ।

B = विद्यमान प्रतिबद्धताओं एवं जिस कार्य के लिए बोली आमंत्रित की गई है उसकी पूर्णता की अवधि के दौरान पूर्ण होने वाले चालू कार्यों का मूल्य ।

7. बोलीकर्ता भारत में एक पंजीकृत फर्म होना चाहिए । संयुक्त उद्यम तथा /अथवा कंसोर्टियम स्वीकार्य नहीं है।

II. सूचना :

8. निविदा दस्तावेज दो भागों अर्थात भाग 'क' **(**तकनीकी वाणिज्यिक बोली) एवं पूर्व अर्हता बोली भाग 'ख' **(**वित्तीय बोली) में तैयार किया गया है । भाग 'क' में तकनीकी वाणिज्यिक बोली है यथा : खंड **I-**ई निविदा आमंत्रण सूचना **(**अंग्रेजी और हिंदी भाषा में**),** खंड **II-** करार का प्रपत्र एवं ठेकेदारों के मार्गदर्शन हेतु सामान्य नियम एवं निदेश**,** ज्ञापन**,** खंड **III-** ठेके की सामान्य शर्तें **,** अतिरिक्त शर्तें**,** खंड **IV-** निविदाकारों को विशेष अनुदेश**,** खंड **V-**तकनीकी विनिर्देश**,** खंड **VI-** टेंडर ड्राइंग्स की सूची**,** खंड **VII-** अनुसूची 'क' **(**विभाग द्वारा आपूर्ति की जानेवाली सामग्रियों की अनुसूची**),** परिशिष्ट 'क'**-** बोली प्रतिभूति (बैंक गारंटी)**,** परिशिष्ट 'ख'**-** निष्पादन प्रतिभूति के लिए बीजी बॉन्ड का प्रपत्र**,** परिशिष्ट 'ग' प्रतिभूति अग्रिम के लिए इंडेचर (सिविल कार्यों के लिए यथालागू)**,** परिशिष्ट 'घ' वाटरप्रूफिंग कार्यों के लिए गारंटी बंधपत्र (सिविल कार्यों के लिए यथालागू)**,** परिशिष्ट 'च' टरमाइट प्रतिरोधी उपचार के लिए गारंटी बॉन्ड अनुलग्नक 'क'**-** कर्मचारियों एवं मशीनरी का विवरण**,** अनुलग्नक 'ख'**-**भवन निर्माण सामग्रियों के अनुमोदित विनिर्माताओं की सूची**,** निविदा दस्तावेज के सभी शुद्धिपत्र एवं अनुसूची 'क' से 'छ' का प्रोफार्मा । भाग 'ख' **(**वित्तीय बोली**)** में अनुसूची 'ख'**-**प्रमात्राओं की अनुसूची है । उक्त सभी दस्तावेज सफल बोलीकर्ता को कार्य सौपे जाने पर किए गए करार का भाग होंगे ।

भावी बोलीकर्ता या सामान्यजन उक्त दस्तावेजों को वेबसाइट **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** से नि:शुल्क देख सकते हैं एवं इसके पीडीएफ फार्मेट को डाउनलोड कर सकते हैं ।

III. <u>सीपीपीपी वेबसाईट में ई-निविदाओं के लिए दिशा-निर्देश</u>

सीपीपी पोर्टल में निविदाकरण की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, भावी बोलीकर्ताओं के पास श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर का वैध प्रमाणपत्र होना चाहिए। निविदा के पात्रता मानदंडों से संबंधित समस्त दस्तावेज सीपीपी पोर्टल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक पद्धति में ही प्रस्तुत किए जाने चाहिए। निम्नलिखित अनुदेश बोलीकर्ता को सीपीपी पोर्टल पर पंजीकरण, बोली की अपेक्षानुसार अपनी बोलियों को तैयार करने के लिए तथा सीपीपी पोर्टल पर बोलियों की ऑनलाइन प्रस्तुति में सहायता के लिए दिए गए हैं।

सीपीपी पोर्टल पर ऑनलाईन बोलियां प्रस्तुत करने संबंधी अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app देखें।

9. पंजीकरण

(i) बोलीकर्ताओं को सीपीपी पोर्टल पर लिंक "**ऑनलाइन बोलीकर्ता पंजीयन**" पर क्लिक करते हुए केंद्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (URL:https://eprocure.gov.in/eprocure/app) के ई-प्रापण माड्यूल पर स्वयं को नामांकित करना होगा । यह सुविधा निशु:ल्क है । अग्रिम सहायता के लिए इप्रोक्यूर सेल के सहायता डेस्क पर संपर्क करें ।

(ii) नामांकन प्रक्रिया के एक भाग के रूप में, बोलीकर्ताओं को एक विशिष्ट यूजर नेम का चयन करना होगा तथा अपने एकाउन्ट के लिए एक पासवर्ड निर्मित करना होगा।

(iii) बोलीकर्ताओं को यह सलाह दी जाती है कि वे पंजीकरण प्रक्रिया के एक भाग के रूप में अपना वैध ई-मेल पता एवं मोबाइल नंबर पंजीकृत करें । भविष्य में सीपीपी पोर्टल से किसी भी सूचना के लिए इसका उपयोग किया जाएगा ।

(iv) नामांकन के पश्चात, बोलीकर्ताओं को अपने प्रोफाइल के साथ सीसीए, भारत द्वारा मान्यता-प्राप्त किसी भी प्रमाणन प्राधिकारी (उदाहरणार्थ Sify/nCode/eMudhra इत्यादि) की ओर से जारी किए गए वैध डिजिटल हस्ताक्षर (साइनिंग Key usage के साथ श्रेणी-।।। प्रमाणपत्र) पंजीकृत करने होंगे ।

(v) एक बोलीकर्ता केवल एक डीएससी पंजीकृत करेगा। कृपया ध्यान दें कि बोलीकर्ता की यह जिम्मेदारी है कि यह सुनिश्चित करें कि वे अपना डीएससी किसी और को न दें ताकि उसके गलत उपयोग से बचा जा सके ।

(vi) तत्पश्चात बोलीकर्ता अपना प्रयोक्ता आईडी/ पासवर्ड तथा डीएससी/ई-टोकन के पासवर्ड टाइप करते हुए सुरक्षित लॉग-इन के माध्यम से वेबसाइट पर लॉग कर सकते हैं।

10. निविदा दस्तावेजों की खोज

(i) विविध मानकों के अनुसार से सक्रिय निविदाओं की खोज में बोलीकर्ताओं की सहायता के लिए सीपीपी पोर्टल में खोज के कई विकल्प उपलब्ध करवाए गए हैं। इन मानकों में निविदा आईडी, संगठन का नाम, स्थान, तिथि, मूल्य इत्यादि शामिल हैं। निविदाओं की प्रगत खोज के लिए भी एक विकल्प है जिसमें बोलीकर्ता एक से अधिक मानकों जैसे कि संगठन का नाम, संविदा का प्रकार, स्थान, तिथि अन्य की-वर्ड इत्यादि को लेते हुए सीपीपी पोर्टल पर प्रकाशित निविदा की खोज कर सकते हैं।

(ii) जिस निविदा में बोलीकर्ता की रुचि है, उसके चयन के पश्चात, वे आवश्यक दस्तावेज/निविदा समय-सारणी डाउनलोड कर सकते हैं। इन निविदाओं को संबंधित '**My Tenders'** नामक फोल्डर में संचयित किया जा सकता है । इसके फलस्वरूप, निविदा दस्तावेज में शुद्धिपत्र जारी किए जाने की स्थिति में सीपीपी पोर्टल की ओर से एसएमएस/ ई-मेल के माध्यम से बोलीकर्ता को सूचना प्रेषित की जा सकेगी।

(iii) बोलीकर्ता, प्रत्येक निविदा को प्रदान की गई यूनीक निविदा आईडी को नोट कर लें ताकि हेल्पडेस्क से स्पष्टीकरण/ सहायता, यदि आवश्यक हो, तो वह सुगमता से प्राप्त हो सके ।

11. बोलियों की तैयारी

(i) बोलीकर्ता को निविदा दस्तावेज के संबंध में प्रकाशित शुद्धिपत्र में उल्लिखित बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए निविदा दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिए ।

(ii) कृपया बोली के एक भाग के रूप में प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों को समझने के लिए निविदा विज्ञापन एवं निविदा दस्तावेज को ध्यान से पढ़ लें। कृपया बोली दस्तावेजों को प्रस्तुत करने हेतु लिफाफों की संख्या, प्रस्तुत किए जाने हेतु अपेक्षित प्रत्येक दस्तावेज का नाम एवं विषय वस्तु सहित दस्तावेजों की संख्या नोट कर लें । उक्त बिंदु से किसी भी प्रकार का विचलन होने पर बोली को अस्वीकार किया जा सकता है ।

(iii) बोलीकर्ताओं को निविदा दस्तावेज/ समय सारणी में यथावर्णित,प्रस्तुत किए जाने वाले बोली

दस्तावेज पहले से ही तैयार करके रख लेने चाहिए तथा सामान्यत: ये दस्तावेज PDF / XLS / RAR / DWF/ JPG फार्मेट में हो बोली दस्तावेज ब्लैक एंड व्हाइट विकल्प सहित 100 dpi के साथ स्कैन कर लिए जाएं ताकि स्कैन किए गए दस्तावेज का साइज कम हो सके ।

(iv) प्रत्येक बोली के एक भाग के रूप में प्रस्तुत किए जानेवाले मानक दस्तावेजों के समान सेट को हर बार अपलोड करने में लगने वाले समय एवं मेहनत से बचने के लिए, ऐसे मानक दस्तावेजों (उदाहरणार्थ पैन कार्ड की प्रति, वार्षिक रिपोर्टें, लेखा परीक्षक प्रमाणपत्र इत्यादि) को एकबारगी अपलोडिंग का प्रावधान बोलीकर्ताओं के लिए उपलब्ध करवाया गया है। ऐसे दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए बोलीकर्ता उन्हें उपलब्ध कराए गए "My Space"या "Other Important Documents'' जैसे एरिया का उपयोग कर सकते हैं । बोली प्रस्तुत करते समय इन दस्तावेजों को सीधे "My Space"एरिया से जमा किया जा सकता है तथा उन्हें बार-बार अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है। इसके परिणामस्वरूप बोली प्रस्तुति प्रकिया में कम समय लगेगा।

नोट: "My Documents" स्पेस केवल एक संग्रह क्षेत्र है जो बोलीकर्ताओं को अपलोडिंग प्रक्रिया में सहायता हेतु उपलब्ध करवाया गया है।यदि बोलीकर्ता ने "My Documents" स्पेस में अपने दस्तावेज अपलोड कर दिए हैं, तो इससे यह बात स्वत: सुनिश्चित नहीं हो जाती कि ये दस्तावेज तकनीकी बोली का एक भाग हो चुके हैं।

12. बोलियों की प्रस्तुति

(i) बोलियां सीपीपी वेबसाइट **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** पर ऑनलाइन प्रस्तुत की जाएंगी ।

(ii) बोलीकर्ता को, पर्याप्त समय पूर्व वेबसाइट पर लॉगिन कर लेना चाहिए ताकि वे समय पर अर्थात निर्धारित तिथि को या उससे पूर्व बोली को अपलोड कर सकें। अन्य कारणों से, किसी भी प्रकार के विलंब के लिए बोलीकर्ता जिम्मेदार होंगे ।

(iii) निविदा दस्तावेज में बताए गए अनुसार बोलीकर्ता को सभी आवश्यक बोली दस्तावेजों पर डिजिटल हस्ताक्षर करने होंगे तथा एक-एक करके उन्हें अपलोड करना होगा।

(iv) एजेंसी को, कार्य से संबंधित बोली पूर्व स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, तो उसे डाउनलोड करना है और उसे (स्कैन की गई प्रति) मोहर सहित हस्ताक्षर के साथ अपलोड करना है । संशोधित दस्तावेज (यदि कोई हों) को ई-निविदा पोर्टल पर अपलोड करना होगा ।

(v) बोलीकर्ता कृपया ध्यान दें कि वे अपनी वित्तीय बोलियां, उन्हें उपलब्ध करवाए गए प्रारूप में ही प्रस्तुत करें तथा अन्य कोई भी प्रारूप स्वीकार्य नहीं होगा । यदि मूल्य की बोली को निविदा दस्तावेज सहित मानक BoQ प्रारूप के रूप में उपलब्ध करवाया गया है, तो सभी बोलीकर्ताओं द्वारा उसे ही डाउनलोड किया जाना होगा और उसमें ही विवरण भरना होगा। बोलीकर्ताओं को BoQ फाइल डाउनलोड करनी होगी, उसे खोलना होगा एवं आसमानी रंग के खानों (परिवर्तनीय) में संबंधित वित्तीय कोट एवं अन्य विवरण (जैसे कि बोलीकर्ता का नाम) भरना होगा । किसी अन्य खाने में कोई परिवर्तन नहीं करना है। समस्त विवरण भरने के पश्चात, बोलीकर्ता को फाइल सेव करनी चाहिए तथा फाइल का नाम अपरिवर्तित रखते हुए उसे ऑनलाइन प्रस्तुत करना चाहिए। यह पाए जाने पर कि बोलीकर्ता द्वारा फाइल में परिवर्तन किया गया है, बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

(vi) निविदाकर्ताओं को यह सलाह दी जाती है कि वे पर्याप्त समय पूर्व ही अपने दस्तावेज अपलोड कर लें ताकि सर्वर पर अंतिम समय पर होने वाली व्यस्तता या अपलोड करने में किसी प्रकार की जटिलता की स्थिति से बचा जा सके। दस्तावेज अपलोड करने के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाइयों जिसमें सर्वर एवं तकनीकी समस्याएं भी शामिल हैं, के लिए भापअ केंद्र किसी भी हाल में जिम्मेदार नहीं होगा।

(vii) बोली दस्तावेजों को ब्लैक एंड व्हाइट विकल्प सहित 100 dpi के साथ स्कैन किया जाए ताकि स्कैन किए गए दस्तावेजों का साइज कम हो सके हो ।

(viii) बोलीकर्ताओं द्वारा बोलियों की प्रस्तुति के हेतु, बोलियों के खुलने आदि के लिए निर्धारित समय के संदर्भ के लिए सर्वर समय (जो बोलीकर्ता के डैशबोर्ड पर प्रदर्शित होता है।) को मानक समय माना जाएगा। बोली प्रस्तुति के दौरान बोलीकर्ता को इसी समय का पालन करना चाहिए।

(ix) नियत तिथि एवं समय (समय-विस्तार सहित) के पश्चात निविदा दस्तावेज को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है ।

(x) डाटा की गुप्तता को सुनिश्चित करने के लिए बोलीकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी दस्तावेजों को PKI इनक्रिप्शन तकनीक का प्रयोग करते हुए इनक्रिप्ट किया जाएगा। प्रस्तुत किए गए डाटा को कोई भी अप्राधिकृत व्यक्ति बोली खुलने के समय तक देख नहीं पाएंगे। बोली की गोपनीयता को सुरक्षित सॉकेट लेयर 128 ब्रिट इनक्रिप्शन प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए बनाए रखा जाता है। संवेदनशीन फील्डों का डाटा स्टोरेज इनक्रिप्शन किया जाता है । सर्वर पर अपलोड किए जाने वाले प्रत्येक बोली दस्तावेज को सिस्टम निर्मित सिमिट्रिक key का प्रयोग करते हुए, सिमिट्रिक इनक्रिप्शन किया जाता है। उसके बाद क्रेता/ बोली खोलनेवाले प्राधिकारी की पब्लिक keys का प्रयोग करते हुए, उक्त key का एसिमिट्रिक इनक्रिप्शन किया जाता है। कुल मिलाकर, अपलोड किए गए निविदा दस्तावेजों को बोली खोलने के लिए प्राधिकृत व्यक्तियों द्वारा बोली के खोले जाने के बाद ही पढ़ा जा सकता है।

(xi) अपलोड किए गए निविदा दस्तावेजों को बोली खोलने के लिए प्राधिकृत व्यक्तियों द्वारा बोली के खोले जाने के बाद ही पढ़ा जा सकता है।

(xii) बोलियों को समय पर सफलतापूर्वक अपलोड करने पर (अर्थात पोर्टल में "Freeze Bid Submission" क्लिक करने के पश्चात) पोर्टल पर सफल बोली प्रस्तुति का संदेश प्रदर्शित होगा तथा बोली संख्या तथा बोली प्रस्तुति की नियत तिथि एवं समय एवं अन्य संगत विवरण सहित बोली सारांश प्रदर्शित होगा ।

(xiii) बोली सारांश का प्रिंटआउट लेकर उसे बोली प्रस्तुति की पावतीस्वरूप अपने पास रखना होगा।

(xiv) इच्छुक बोलीकर्ताओं को यह सलाह दी जाती है कि वे बोली प्रस्तुति की अंतिम तिथि तक इस वेबसाइट को नियमित रूप से देखें ताकि वे, शुद्धिपत्र/अनुशेष/संशोधन द्वारा वेबसाइट के माध्यम से निविदा में किए गए परिवर्तन/ आशोधन संबंधी जानकारी के बारे में अद्यतित रहें।

13. बोलीकर्ताओं की सहायता हेतु

1) निविदा दस्तावेज एवं उसमें निहित निबंधन एवं शर्तों से संबंधित कोई भी पूछताछ उस निविदा के, निविदा आमंत्रण प्राधिकारी या निविदा में उल्लिखित संबंधित संपर्क व्यक्ति को संबोधित की जानी चाहिए ।

2) बोली की ऑनलाइन प्रस्तुति की प्रक्रिया से संबंधित पूछताछ या सामान्यत: सीपीपी पोर्टल से संबंधित पूछताछ 24X7 पोर्टल हेल्पडेस्क को प्रेषित की जा सकती है।

14. निविदा का भाग-'क' खुलने के बाद मुख्य अभियंता द्वारा एक निरीक्षण दल का गठन किया जाएगा जो निविदाकार के जारी कार्यों/पूरे किए गए कार्यों का चयनित कार्य स्थलों का निरीक्षण करेंगे तथा निम्नलिखित आधार पर उनका मूल्यांकन करेंगे ।

ए) पिछले 5 वर्षों के दौरान वित्तीय क्षमता और उनके टर्न ओवर

बी) कार्य के संबंध में कंपनी की तकनीकी क्षमता

सी) पिछले 7 वर्षों के दौरान निविदाकार द्वारा निष्पादित कार्यों का स्वरूप

डी) कंपनी की संघटनात्मक संरचना

ई) कंपनी द्वारा उक्त कार्य के निष्पादन के लिए आवश्यक संसाधन।

एफ) समय एवं गुणवत्ता के प्रति सजगता ।

जी) असंगत दावों और विवादों के संबंध में कंपनी की प्रवृत्ति

एच) स्थल नियोजन क्षमता

आई) बैक टू बैक / उप किराए पर देने की कंपनी की प्रवृत्ति

15. भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में लागू सुरक्षा प्रक्रिया के अनुसार**,** कार्य शुरू करने से पहले भापअ केंद्र के सुरक्षा अनुभाग द्वारा सफल बोलीकर्ताओं की जांच की जाएगी ।

16. निविदा के भाग 'क' के खुलने के बाद निविदा में किसी प्रकार के संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी ।

17. किसी शर्त या सशर्त छूट वाली निविदाओं को अस्वीकृत कर दिया जाएगा । फिर भी जिन निविदाओं में बिना किसी शर्त के छूट दी गई हो उन्हें स्वीकार किया जाएगा ।

18. यदि आवेदक द्वारा दी गई कोई भी सूचना बाद में गलत पाई जाती है तो उन्हें भापअ केंद्र में भविष्य में हमेशा के लिए निविदाकरण/कोई भी कार्य करने से रोक दिया जाएगा । यदि कार्य शुरू करने से पहले भी किसी भी उल्लंघन की सूचना, विभाग को प्राप्त होती है तो बयाना राशि एवं निष्पादन गारंटी को पूर्ण रूप से जब्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे ।

19. कार्य को पूरा करने की अवधि की गणना कार्य शुरू करने के लिए लिखित आदेश मिलने के 15वें या कार्य स्थल की सुपुर्दगी के पहले दिन, जो भी बाद में हो, से निविदा दस्तावेजों में यथा उल्लिखित, यदि कोई हो, चरणबद्ध तरीके के अनुसार होगी ।

20. निविदा को, निविदा के ऑन लाइन प्रस्तुतीकरण के बंद होने की आखिरी तारीख से **180 (एक सौ अस्सी) दिन** तक वैध रखा जाएगा ।

21. ईएमडी के लिए मूल दस्तावेज प्राप्त करने की तथा निविदा खुलने की अंतिम तिथि को छुट्टी घोषित की जाती है तो उक्त तिथि को तदनुसार आगे के कार्य दिवस तक स्थगित माना जाएगा।

22. बयाना राशि के रूप में किसी अनुसूचित बैंक द्वारा लेखा अधिकारी, भापअ केंद्र, मुंबई के नाम से जारी किए गए आवधिक जमा रसीद/डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ पे आर्डर की मूल प्रति प्रस्तुत की जानी होगी। बयाना राशि का एक भाग बैंक गारंटी के रूप में भी स्वीकार्य है । ऐसे मामले में, बयाना जमा की कम से कम 50% राशि अथवा रु.20.00 लाख, जो भी कम हो, उक्त निर्धारित रूप में होनी चाहिए तथा शेष राशि को निविदा दस्तावेज के परिशिष्ट–'ए' के अनुसार किसी भी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के रूप में स्वीकार किया जा सकता है । इसके अलावा, ईएमडी की कागजी प्रति उक्त क्रमांक 1 में उल्लेख किए गए स्थान पर सीलबंद लिफाफे में जमा की जानी चाहिए। लिफाफे के ऊपर कार्य का नाम तथा एनआईटी संख्या लिखी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, मूल ईएमडी तथा निविदा स्वीकृति दस्तावेज वरीयत: व्यक्तिगत रूप से जमा किए जाने चाहिए। इन्हें गेट पर रखे ड्रॉप बॉक्स में नहीं डाला जाना चाहिए। तथापि, डाक अथवा कुरियर से प्रेषित दस्तावेजों पर भी विचार किया जाएगा बशर्ते वे क्रम सं. 1 में दिए गए उक्त पते पर निर्धारित तिथि एवं समय के भीतर प्राप्त हुए हों। ईएमडी को प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के भीतर ईएमडी प्रस्तुत न करने पर बोलीकर्ता की वित्तीय बोली को नहीं खोला जाएगा ।

23. जिस ठेकेदार की निविदा स्वीकृत की गयी है, उनके द्वारा ठेके की विधिवत पूर्ति हेतु प्रतिभूति जमा के रूप में कार्य के निविदा मूल्य के 2.5 % की राशि जमा करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त ठेकेदार को निविदा मूल्य के 3% की समतुल्य राशि को निष्पादन प्रतिभूति के रूप में जमा करना होगा। निष्पादन गारंटी प्रस्तुत करने हेतु दिया गया समय स्वीकृति पत्र जारी करने की तारीख से 15 दिन होगा। इस अवधि को ई-आई-सी द्वारा ठेकेदार के लिखित अनुरोध पर 1-15 दिन की की अधिकतम अवधि तक,निष्पादन प्रतिभूति के @0.1% प्रति दिवस की दर से विलंब शुल्क पर आगे बढ़ाया जा सकता है। 3% निष्पादन प्रतिभूति को बैंक गारंटी (निष्पादन प्रतिभूति के रु. 1.00लाख से अधिक होने पर) अनुसूचित बैंकों की सावधि जमा रसीदों या सरकारी प्रतिभूतियों के रूप में स्वीकार किया जा सकता है।

24. प्रतिभूति जमा ठेकेदारों के चालू प्रतिभूति जमा बिल की सकल राशि से 2.5 % की दर से कटौती द्वारा तब तक वसूली जाएगी जब तक पहले ही जमा की गयी प्रतिभूति जमा के साथ उक्त राशि कार्य के निविदा मूल्य का 2.5 % हो जाए। प्रतिभूति जमा, सरकारी प्रतिभूतियां, अनुसूचित बैंक तथा राष्ट्रीयकृत बैंक की आवधिक जमा पावतियों के रूप में भी स्वीकार की जाएगी । इन्हें लेखा अधिकारी, भापअ केंद्र, मुंबई के नाम पृष्ठांकित किया जाएगा ।

25. यदि सफल निविदाकार कार्य प्रारंभ करने की निर्धारित तिथि को या उससे पहले निर्धारित निष्पादन गारंटी प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं तो विभाग (भापअ केंद्र) किसी अन्य अधिकार या उपाय पर बिना किसी प्रतिकूल प्रभाव के निलंबन आदेश जारी करने की तिथि से एक वर्ष के लिए बोलीकर्ता को विलंबित करने हेतु स्वतंत्र होगा।

26.निविदा की स्वीकृति विभाग के पास सुरक्षित है जो सबसे कम मूल्य की निविदा को स्वीकृत करने के लिए बाध्य नहीं है एवं इसके पास किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार है। वे सभी निविदाएं, जिनमें निर्धारित शर्तें पूरी न की गयी हों अथवा जो किसी भी दृष्टि से अपूर्ण होंगी उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

27. निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सिफ़ारिश करना सख्त मना है, जो ठेकेदार सिफ़ारिश करेगा उसकी निविदा अस्वीकृत कर दी जाएगी ।

28. निविदा स्वीकृत होने पर ठेकेदार द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के नामों की सूचना प्रभारी अभियंता को दे दी जाए, जो प्रभारी अभियंता से निर्देश लेने के लिये जिम्मेदार होंगे ।

29. विभाग समस्त निविदा अथवा निविदा के किसी भाग को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है एवं निविदाकार अपने द्वारा दी गयी दर पर कार्य करने के लिए बाध्य हैं।

30. (i.) जीएसटी का अर्थ होगा वस्तु एवं सेवा कर-केंद्र, राज्य और अंतर-राज्य ।
ii) इस ठेके के लिए ठेकेदार द्वारा प्रापण किये गए किसी भी वस्तु पर लागू वस्तु एवं सेवा कर अथवा अन्य किसी भी कर का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जाएगा तथा इस संबंध में प्रस्तुत किये गये किसी भी दावे को सरकार द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा । उद्धृत दर में जीएसटी शामिल होगा । तथापि, समय विस्तार सहित, यदि निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि को लागू जीएसटी तथा ठेके के माध्यम से आपूर्ति की जानेवाली सेवा के समय लागू जीएसटी में अंतर हैं (सीजीएसटी अधिनियम 2017 में यथावर्णित) तो आपूर्ति के समय जीएसटी के घटक में अंतर होगा।
iii) जीएसटी पर 2% टीडीएस, ठेकेदार को भुगतान किए जाने वाले प्रत्येक बिल से किए गए कार्य के सकल मूल्य के @1% की दर पर श्रमकल्याण उपकर काटा जाएगा ।
iv) ठेकेदार को भुगतान किए गए प्रत्येक बिल में से आय कर एवं उप कर काटे जाएंगे ।
v) ठेकेदार को ईपीएफ और ईएसआईसी के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए तथा नियमानुसार अथवा यदि विभाग की मांग है तो ठेकेदार ठेके के कामगारों के ईपीएफ एवं ईएसआईसी भुगतान संबंधित विभाग को करेगा और जब विभाग इस बात से संतुष्ट हो जाए कि इसका भुगतान वास्तव में और सही रूप से कर दिया गया है तो विभाग ठेकेदार को इसकी प्रतिपूर्ति कर देगा। बोलीकर्ता अपनी दरों में ठेकेदार को सभी पात्र कार्मिकों/कामगारों/ मजदूरों के ईपीएफ और ईएसआईसी पर विचार नहीं करेगा।
vi) ठेकेदार सभी पात्र कर्मचारियों/श्रमिकों/कामगारों के संबंध में इपीएफ अधिनियम, 1952 के सभी प्रावधानों का पालन करेगा तथा प्रत्येक आरए बिल के साथ इसका दस्तावेजी प्रमाण नियमित रूप से जमा कराएगा।
vii) सरकारी निदेशों के अनुसार कोई अन्य कर/उपकर की कटौती, ठेकेदार को समय- समय पर भुगतान किए जाने वाले प्रत्येक बिल में से की जाएगी ।

31. यदि कोई निविदाकार वैधता की अवधि के अंदर अथवा कार्य देने से पहले दोनों में से जो भी पूर्व है, निविदा वापस लेता है अथवा निविदा की निबंधनों और शर्तों में ऐसे संशोधन करता है जो कि विभाग को मान्य न हो तो सरकार अन्य किसी अधिकार या कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना निलंबन आदेश जारी करने की तिथि से एक वर्ष के लिए बोलीकर्ता को निलंबित करने के लिए स्वतंत्र होगा ।

32. सफल निविदाकार को कार्य सौंपने के पश्चात, ठेकेदार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समय सारणी एवं नकदी प्रवाह विवरण प्रस्तुत करेगा जो करार का एक भाग होगा।

33. जिन सफल निविदाकारों की निविदा स्वीकार की जाएगी उन्हें बीएआरसी के अंदर काम करने वाले अपने सभी कार्यकर्ताओं जैसे: इजीनियरों, पर्यवेक्षकों एवं मज़दूरों का अपने खर्च पर पुलिस की विशिष्ट

शाखा द्वारा जारी पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र (पीवीसी) प्राप्त करना आवश्यक होगा और जिसे तद्नुसार ही कोट किया जाए । पीवीसी तीन वर्ष के लिए वैध रहेगा।

यदि सुरक्षा जांच के परिणामस्वरूप ठेकेदार/कंपनी/फर्म/मालिक और/अथवा उनके ठेके के कार्मिक के विरुद्ध कोई प्रतिकूल चरित्र और पूर्ववृत्त संबंधी अभ्युक्तियां/अधिसूचना प्राप्त होती है तो कोई कारण बताए बिना/कारण बताओ नोटिस दिए बिना ठेकेदार की सेवाएं तुरंत समाप्त करने का अधिकार भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के पास सुरक्षित हैं। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र द्वारा उक्त कार्रवाई के फलस्वरूप परिस्थितियों के तहत किसी नुक्सान/दायित्व हेतु दावे का अधिकार ठेकेदार के पास नहीं होगा । समय-समय पर पऊवि/भापअ केंद्र द्वारा जारी सुरक्षा अनुदेशों के पालन/अनुसरण में ठेकेदार की ओर से होनेवाली असफलता हेतु सरकार के अधिकार में मौजूद कार्यनिष्पादन प्रतिभूति और/अथवा प्रतिभूति जमा का कुछ भाग/पूर्ण भाग जब्त करने का अधिकार भी भापअ केंद्र के पास सुरक्षित है।

अनुदेश :

34. ठेकेदार **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** के साथ पंजीकृत होना चाहिए। जो ठेकेदार ऊपर उल्लेखित वेबसाइट पर पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें पंजीकृत होने की आवश्यकता है ।

35. इच्छुक बोलीकर्ता के पास निविदा दस्तावेज (एक्सेल/वर्ड फॉर्मेट) खरीदने/डाउनलोड करने के लिए अनुरोध करने के लिए वैध क्लास-**III** डिजिटल हस्ताक्षर होना चाहिए ।

36. निविदाएं उक्त एनआईटी विवरण में यथावर्णित, समय तथा तिथि तक ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। उक्त एनआईटी में यथावर्णित समय एवं तिथि पर भाग 'क' खोला जाएगा। सर्वप्रथम ईएमडी की रसीद की जांच की जाएगी। यदि इन्हे सही पाया गया तो भाग 'क' खोला जाएगा। भाग 'क' खोलने के पश्चात मूल्यांकन के लिए ठेकेदार के दस्तावेजों से संबंधित तकनीकी-वाणिज्यिक बोली का मूल्यांकन किया जाएगा और तदनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा निविदाकारों को योग्य/अयोग्य घोषित किया जाएगा। तब योग्यताप्राप्त निविदाकारों की निविदा के भाग 'ख' (वित्तीय बोली) को अधिसूचित तिथि एवं समय पर खोला जाएगा। भाग 'ख' (वित्तीय बोली) खुलने की तिथि की सूचना सभी बोलीकर्ताओं को सीपीपी वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी।

37. वित्तीय प्रस्ताव/वाणिज्यिक बोली/**BoQ** प्रारूप इस निविदा दस्तावेज सहित **BoQ_XXXX.xls** के रूप में लिंक **https://eprocure.gov.in/eprocure/app.** पर उपलब्ध है। बोलीकर्ताओं को यह सलाह दी जाती है कि वे इस **BoQ_XXXX.xls** को यथावत डाउनलोड करें एवं निर्धारित कॉलम में अपने प्रस्ताव/दर उद्धृत करें तथा उसे वाणिज्यिक बोली में अपलोड करें। बोलीकर्ता डाउनलोड की गई मूल्य बोली टेम्प्लेट के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़/ संशोधन नहीं करेंगे। यदि यह पाया जाता है कि उक्त टेम्प्लेट के साथ छेड़छाड़ की गई है या किसी प्रकार का परिवर्तन किया गया है, तो निविदा को पूर्णत: अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

38 निविदा खुलने की तिथि के दिन, ठेकेदार लॉग इन करके बोली खुलने के बाद उसकी स्थिति देख सकते हैं।

39. ठेकेदार प्रत्येक मद की दर कोट करना सुनिश्चित करें । अंकों में दर कोट करने वाला कॉलम आसमानी रंग का है। इसके अतिरिक्त, इसके अतिरिक्त, कोई भी सेल चुनते (सिलेक्ट) समय एक चेतावनी दिखाई देगी कि यदि कोई सेल खाली छोड़ा जाता है तो उसे "O" (शून्य) समझा जाएगा । इसलिए यदि कोई सेल खाली छोड़ा जाता है और बोलीकर्ता कोई दर कोट नहीं करता है तो उस मद की दर "O" (शून्य) समझी जाएगी ।

नोट: संभावित बोलीकर्ता, बोली प्रस्तुत करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्होंने एनआईटी के समस्त मानदंडों को पूरा किया है। विभाग के पास, निर्धारित मानदंडों को पूरा न कर पाने वाली एजेंसियों की निविदाओं पर विचार न करने का अधिकार सुरक्षित है ।

40. **पात्र स्रोत देश :**

भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश के बोलीकर्ता को सार्वजनिक प्रापण प्रभाग, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एफ सं. 6/18/2019-**PPD** दिनांकित 23.07.2020 के माध्यम से जारी आदेश (सार्वजनिक प्रापण संख्या 1) तथा (सार्वजनिक प्रापण संख्या 2) तथा उसके समय-समय पर जारी अनुशेष का अनुपालन करना होगा। साथ ही, बोलीकर्ता को परिशिष्ट-'एफ' में दिये प्रोफार्मा के अनुसार प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि बोली प्रस्तुत करने के दौरान किसी भी समय या ठेका प्रदान किये जाने के बाद यह पाया जाता है कि उक्त घोषणा या प्रमाणपत्र गलत है या त्रुटिपूर्ण है, तो भारत में संबंधित कानून के तहत अनुमेय अन्य कार्रवाइयों सहित उक्त ठेके को समाप्त कर दिया जाएगा।

41. मूल प्रति से स्कैन किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची जिन्हें बोलीकर्ता द्वारा बोली प्रस्तुतीकरण की अवधि के भीतर अपलोड करना है :-

I चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित वित्तीय टर्नओवर

ii चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित लाभ एवं हानि विवरण

iii नवीनतम बैंक ऋणशोधन क्षमता प्रमाणपत्र

iv निर्माण संयंत्र एवं मशीनरी की सूची ।

v तकनीकी कर्मचारियों की सूची ।

vi प्रमाणपत्र :

1. पंजीयन प्रमाणपत्र, यदि कोई हो तो ।

2. कार्य अनुभव प्रमाणपत्र/निष्पादन प्रमाणपत्र ।

3. जीएसटी के लिए पंजीयन प्रमाणपत्र ।

4. पैन (स्थायी खाता संख्या) पंजीयन

5.ईपीएफ एवं ईएसआईसी के लिए पंजीयन प्रमाणपत्र ।

vii यह वचन (अंडरटेकिंग) कि समान प्रकार का अर्हक कार्य बैक टू बैक आधार पर दूसरे ठेकेदार के माध्यम से निष्पादित नहीं कराया गया है ।

viii भाग-ए के खंड II तथा ठेके की सामान्य शर्तों की खंड (क्लाउज) 11 के अनुसार वचन (अंडरटेकिंग) ।

ix पिछले सात वर्षों में पूर्ण किए गए समरूप कार्यों की सूची जिसमें निम्नलिखित सूचना दर्शाई जाए: **i)** किस एजेंसी के लिए कार्य निष्पादित किया गया है, **ii)** कार्य का मूल्य,

iii) कार्य समापन की निर्धारित एवं वास्तविक अवधि **iv)** ग्राहको से योग्य समरुप कार्यो का निष्पादन प्रमाणपत्र ।

x निम्नलिखित जानकारी सहित वर्तमान में चल रहे कार्यों की सूची**: i)** एजेंसी **ii)** कार्य का मूल्य**, iii)** कार्य समापन का निर्धारित समय/ वर्तमान स्थिति ।

xi अनुलग्नक **1** में यथाप्रदर्शित निविदा स्वीकृति पत्र ।

टिप्पणी : तकनीकी और पीक्यू मूल्यांकन के दौरान यदि कोई दस्तावेज नहीं पाया जाता है तो निरीक्षण समिति उसे प्रस्तुत करने के लिए कह सकती है ।

42. **बोली लगाने वाले से अपेक्षा की जाती है कि वह सभी प्रकार से निम्नलिखित पूर्ण को भर कर प्रस्तुत करेः**

ए) तकनीकी-वाणिज्यिक बोली।

बी) कार्य के लिए प्रस्तावित कार्मिक शक्ति और मशीनरी (अनुलग्नक 'ए') (यथा लागू)

सी) अनुसूची 'ख'- (वित्तीय बोली)

टिप्पणी:

1. इच्छुक एजेंसियां पंजीकरण हेतु htpps://eprocure.gov.in/eprocure/app वेबसाइट देख सकती हैं।
2. ई निविदाकरण में पंजीयन एवं सहभागिता हेतु सहायता के लिए निम्न व्यक्तियों से संपर्क करें :
   2.1) 24x7 सीपीपी पोर्टल हेल्पडेस्क - 0120-4001002/0120-4001 005/0120-6277787
   2.2) स्थानीय हेल्पडेस्क श्री भूषण/ श्री मयूर 022 25487480
   2.3) ईमेल: support-eproc@nic.in
3. जो बोलीकर्ता स्थदल का दौरा करना चाहते है उन्हेंत पूर्वानुमोदन सहित निम्नकलिखित ई-मेल पते पर आगंतुक का नाम, उसका आई-डी विवरण (सरकार द्वारा जारी आईडी यथा आधार कार्ड/पैन कार्ड/ पासपोर्ट/ वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स तथा फर्म का पता संबंधी विवरण प्रेषित करना होगा। भापअ केंद्र में दौरा करते समय आगंतुक को आईडी की मूल प्रति साथ लेकर आनी होगी ।
4. साइट विजिट/स्पष्टीकरण हेतु अनुरोध भेजने के लिए ईमेल आई डी : atulk@**barc.gov.in**, **solankar@barc.gov.in**
5. **यदि एनआईटी के अंग्रेजी एवं हिंदी पाठ के बीच कोई अंतर हो तो अंग्रेजी पाठ को सही माना जाए ।**

मुख्य अभियंता
नाभिकीय पुनश्चक्रण वर्ग
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से

अनुलग्नक-1

निविदा स्वीकृति पत्र

(कंपनी के पत्रशीर्ष पर प्रस्तुत किया जाएं।)

दिनांक **:**

प्रति**,**
मुख्य अभियंता
नाभिकीय पुनश्चक्रण वर्ग**,**
भापअ केंद्र**,** ट्रांबे, मुंबई-400 085

विषय : **निविदा की शर्तें एवं निबंधनों की स्वीकृति ।**

निविदा संदर्भ सं.	**बीएआरसी/एनआरजी/पीएमटीएंडएसएस/आरएसएमएस/2024/ _____** दिनांक : / /2024
निविदा/ कार्य का नाम	:

महोदय,

1. मैंने/हमने उपर्युक्त निविदा/कार्य के लिए आपके विज्ञापन में दिए गए अनुसार उपर्युक्त वेबसाइट (वेबसाइटों) https://eprocure.gov.in/eprocure/app और www.barc.gov.in से निविदा दस्तावेज डाउनलोड/प्राप्त कर लिए हैं।

2. मैं/हम एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं/करते हैं कि मैंने/हमने भापअ केंद्र की वेबसाइट http://barc.gov.in/tenders/ पर अन्य सूचना आदि खंड के तहत उपलब्ध निविदा दस्तावेजों (एएंडसीईडी निविदा दस्तावेज, अनुलग्नक/अनुलग्नकों, अनुसूची/ अनुसूचियों, शुद्धिपत्र, नागरिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यों के लिए तकनीकी विनिर्देश, निर्माण कार्य संविदा इत्यादि हेतु निर्माण कार्य संरक्षा नियमावली आदि सहित) के संपूर्ण निबंधन और शर्तों को पढ़ लिया है।), जो संविदा करार का हिस्सा होगा और मैं/हम इसमें निहित निबंधनों/शर्तों/खंडों का पालन करूंगा/ करेंगे ।

3. इस स्वीकृति पत्र को प्रस्तुत करते समय आपके विभाग/संगठन द्वारा समय-समय पर जारी शुद्धिपत्र/शुद्धिपत्रों को भी ध्यान में रखा गया है।

4. मैं/हम एतद द्वारा उपर्युक्त निविदा दस्तावेज/दस्तावेजों/शुद्धिपत्र/शुद्धिपत्रों की निविदा शर्तों को उसकी संपूर्णता/समग्रता के साथ बिना शर्त स्वीकार करता हूं /करते हैं ।

5. मैं/हम एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि हमारी फर्म को किसी भी सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है। ।

6. मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करते हैं कि हमारी फर्म द्वारा दी गई सभी जानकारी सत्या और सही है और यदि सूचना गलत/असत्य या उल्लंघन के रूप में पाई जाती है, तो आपका विभाग/संगठन बिना कोई नोटिस दिए या कारण बताए, या किसी भी अन्य अधिकार या उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, बोली-प्रतिभूति घोषणा फॉर्म-अनुलग्नक 1 के अनुसार विभाग द्वारा की गई कार्रवाई सहित, बोली को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दें या करार को समाप्त कर दें। बोली प्रतिभूति घोषणा प्रपत्र-अनुलग्नक ।

भवदीय,

(आधिकारिक मुहर के साथ बोलीकर्ता के हस्ताक्षर)